सार-समाचार

थानाअधिकारी सीआई राजेंद्र ने ली बैठक

महुवा, (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित थाने में रविवार को थानाधिकारी राजेंद्र मीणा की मौजूदगी में सीएलजी महिला सुरक्षा सखी ठाम प्रहरी व शहर के व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई।इस दौरान थाना अधिकारी राजेंद्र मीणा ने उपस्थित सीएलजी सदस्यों व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महुवा थाना क्षेत्रमें कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए महुआशहर या उसके आसपास जिन लोगों ने अपने मकान किराए पर दे रखे है वह पुलिस से किरायेदारों का सत्यापन कारण इसे लेकर पुलिस उ किराएदारों का जल्द ही सत्यापन करेगी। उन्होंने मकान मालिकों से भी कहा कि वे बिना किसी सत्यापन के किराएदार को नहीं रखें। अन्यथा उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। थानाधिकारी राजेंद्र मीणा ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन करने वाले लोग छोटी-छोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसलिए व्यापारी भी सावचेत रहे और अपने प्रतिष्ठान या घर के सामने सी सी बी कैमरे लगवाने तथा जिन मकान मालिकों ने सीसीटीवी लगा रखे हैं वहकैमरों को सदा चालू रखें। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिससे समय रहते अपराधियों के खिलाफकार्रवाई की जा सके। उन्होंने व्यापारियों से निवेदन किया कि पुलिस लगातार रात्रि में ठास्त करती है लेकिन पुलिस स्टाफ की कमी के चलते व्यापारियों के सहयोग सेमहुआशहर के बाजारों में प्राइवेट चौकीदार लगाने के लिए व्यापारी पुलिस का सहयोग करें। आपके सहयोग से पुलिस गश्त को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। जिससे चोरी और नकबजनी की घटनाओं को विफल किया जा सके। थाना अधिकारी राजेंद्र मीणा ने साइबर क्राइम से बचने की सलाह भी दी। पुराना मोबाइल खरीदने से बचें। उन्होंने टू व्हीलर वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर चलने की सलाह दी। थानाधिकारी ने बताया कि कस्बे में पटाखे फोड़ने वाली बाइकों को किसी भी सूरत में चलने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान बैठक में सब इंस्पेक्टर घनश्याम ,जिला सीएलजी सदस्य गोपुत्र अवधेश अवस्थी, कपड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष दिनेश बंसल, सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष बृजेंद्र अवस्थी, रेडीमेड व्यापार संघ के खेमचंद किवाड़िया, प्रेम प्रकाश मीणा,गौतम, हरकेश मीणा रामदयाल, मनोज शर्मा,गौतम सिंह गुर्जर, अजय प्रकाश सोकरिया, महिला सुरक्षा सखी आबिद कुरैशी, पत्रकार हरि सिंह नागलोत, चंद्रप्रकाश, गोविंद शर्मा मेघराज मीना ने भी विचार व्यक्त करते हुए पुलिस को हर संभव सहयोग मदद करने का आश्वासन दिया।

गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई

करौली, (निसं)। करणपुर कस्वे के निकट टोडा गांव के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गुरैया बाबा मंदिर पर चल रही भागवत में सोमवार को छठवें दिन भागवत कथा सुनाते हुए सुप्रसिद्ध कथा व्यास पण्डित गोपेश शास्त्री अतेवा बाले ने भक्तो को कंस बध,अकरुर प्रसंग,गोवर्धन पूजा, श्रीकृष्ण रुकमणि विवाह की कथा का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पण्डित गोपेश शास्त्री ने कहा कि दुनिया मे बेटियों को माँ बाप से ज्यादा कोई प्रेम नही कर सकता। बेटियों पर हो रहे अत्याचार छोटी सी भूल का बड़ा कारण है माँ बाप बच्चों को पूरा समय नही दे पा रहे जिसके कारण आपसी परिवार का प्रेम कम हो जाता है। रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। गोवर्धन पूजा की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा आचार्य ने कृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन करने के पश्चात गोवर्धन पूजा एवं इन्द्र के मान मर्दन की कथा सुनाई।

चोरी हुआ ट्रेलर किया बरामद

महुवा, (निसं)। थानापुलिस ने कार्रवाई करते हुए कस्बे से चोरी हुए ट्रेलर को महज 12 घंटे में हरियाणा से बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि कस्बे के हिंडौन रोड स्थित जैन मंदिर के समीप बीती रात अज्ञात बदमाश ट्रेलर 18 चक्का को चुराकर ले जाने की सूचना रोहित स्वामी से मिली जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महवा,गाज़ीपुर,सिकंदरा,अमोली, अलीपुर, इतरामपुरा एक्सप्रेस हाइवे पिनान टोल पर सीसीटीवी केमेरो को खगाला जिसमे गोविंदगढ़ रूट से ट्रेलर का फिरोजपुर हरियाणा पहुंचे वही बदमाश ट्रेलर को सड़क पर छोड़ कर भाग गए पुलिस ने ट्रेलर को बीबा तहसील झिरका फिरोजपुर जिला नूह हरियाणा से बरामद किया है। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इधर ट्रेलर को बरामद करने मे हेड कास्टेबल रविंद्र शर्मा व कास्टेबल गोरी शंकर शर्मा की अहम् भूमिका रही।

परीक्षा पे चर्चा का आयोजन

करौली, (निसं)। सोमवार को वीणा मैमोरियल सीनियर सैकंडरी स्कूल में 'परीक्षा पे चर्चा' का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बच्चों को परीक्षा संबंधित जानकारियाँ दी,बच्चों को संतुलित आहार,उचित प्रकार से नींद लेने,सभी विषयों में ज्ञान लेने, प्राणायाम करने के बारे मे बताया गया उन्होंने कहा कि जीवन में नम्बर ही मायने नहीं रखते सभी विषयों में उचित जानकारी भी मायने रखती है साथ ही माता-पिता को बच्चों की मानसिकता को समझने को कहा अंत में प्राचार्य देवानंद वोगुला ने बच्चों को जीवन में अपने लक्ष्य कि ओर आगे बढ़ने कि लिए प्रोत्साहित किया।

कैरियर मेले का आयोजन

करौली, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में सोमवार को कैरियर मेला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन श्रीमति इंदू देवी जाटव द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार अठावाल ने बताया कि मेले में विद्यार्थियों को शिक्षा स्वास्थ्य, बैंक, एलआईसी आदि के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को नौकरी एवं व्यवसाय के बारे में जानकारी जगमोहन जाटव द्वारा दी गई। कार्यक्रम के में श्रीमती अर्चना शर्मा, कमला शर्मा,योगिता,प्रियंका मीना,गायत्री मीना,सुलेखा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले के दौरान सभी अतिथियों को माला,साफा व शाल ओढाकर संस्था प्रधान द्वारा अभिनंदन किया गया।

नगर परिषद की बोर्ड की बैठक, विकास नहीं कराने के आरोप

गंगापुर सिटी, (निसं)।ेसोमवार को नगर परिषद की बोर्ड की बैठक सभापति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बोर्ड बैठक में एक अरब 55 करोड का बजट पारित किया गया जिसे सभी पार्षदो ने ध्वनि मत से पारित किया। इस दौरान पार्षदो ने शहर की सफाई व्यवस्था, लाईट पानी सहित सडको को लेकर सभापति व आयुक्त का घेराव किया। सोमवार को नगर परिषद में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अधिकतर वार्ड पार्षदो ने शहर की खराब सफाई व्यवस्था एंव सडको को लेकर सभापति को जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान वार्ड नंबर 37 के पार्षद पदम जोशी ने अज्गिनशमन कार्यालय को विजय पैलेस के सामने

■ **बैठक में एक अरब 55 करोड रूपए का बजट पारित**

नगर परिषद की बोर्ड की बैठक सभापति की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

नगर परिषद की खाली पडी जमीन पर स्थापित करने की मांग की। उन्होने बताया कि वर्तमान में नगर परिषद ने 1ेकिलोमीटर दूर अग्निशमन कार्यालय बना रखा है। शहर में कहीं भी आगजनी होने पर एक लम्बे अंतराल के बाद दमकल मौके पर पहुंचती है तब तक सब कुछ जल कर राख हो जाता है। इसके साथ ही शहर में सर्दी के मौसम एवं आगामी गर्मी को देखते वार्डो में बोरिंग लगवाने की मांग की। इसके साथ पार्षद पदम जोशी ने वार्ड 37 में कोर्ट में विचारधीन होने के बाद भी नगर परिषद के द्वारा पटटा बनाने पर कडी आपत्ति जताई जिस पर सभापति एंव आयुक्त ने जांच करवा कर पट्टा निरस्त कर कार्रवाही करने का आश्वासन दिया। कई पार्षदो ने बोर्ड बैठक में अपने वार्डो का विकास नहीं होने पर सभापति पर भ्रष्टाचार सहित अन्य आरोप लगाए। कई बार पार्षद व सभापति में तनातनी हो गई लेकिन आयुक्त व अन्य की दखल से मामला शांत हुआ। पार्षद कमलेश महावर और ओमी कटारिया ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में बिना एजेंट के कोई काम नहीं होता। सबसे गंभीर आरोप प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर लगे, जिसमें कर्मचारियों पर 5ेे-5ेे हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगा। पार्षद बबलू चौधरी ने तो यहां तक कहा कि उनकी फर्जी मोहर लगाकर आवास के लिए आवेदन किए गए। पार्षद गोविंद पाराशर ने चिंता जताई कि अब केवल 6 महीने बचे हैं और वार्डों में विकास कार्य नहीं होने से वे जनता को क्या जवाब देंगे। सभापति पर आरोप के बाद सभापति और पार्षद के बीच काफी देर तक तीखी तकरार हुई और सभापति ने बैठक से निष्कासित कर दिया और इसे प्रोसिडिंग में लेने के लिए कहा।सभापति अग्रवाल का कहना था कि सरकार से बजट ही नहीं मिला, फिर विकास कैसे संभव है। नगर परिषद की इतनी आमदनी ही नहीं है, जयपुर रोड शहर का प्रवेश द्वार है और पार्षद द्वारा लगाए आरोप निराधार है, यहां का विकास शहर का विकास है। बैठक में सडक, पानी, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर भी आक्रोश देखा गया। पार्षदों ने पीएम आवास योजना से जुडी सभी फाइलों की जांच की मांग की है।

डायरेक्टर व कर्मचारियों के बीच बहस

भरतपुर, (निसं)। सरस डेयरी में आज मीटिंग शुरू होने से पहले ही हंगामा हो गया। जिसके बाद सरस डेयरी के डायरेक्टर और सरस डेयरी के कर्मचारियों के बीच जमकर कहासुनी हुई। जिसका वीडियो भी सामने आया है। आज सरस डेयरी के नए प्लांट बनाने के लिए मीटिंग होनी थी। उससे पहले ही सरस डेयरी के डायरेक्टर और कर्मचारियों के बीच जमकर बहस हुई। सरस डेयरी की चेयरमैन सुशीला राजाराम भुतौली ने कहा कि आज मुझे और सभी डायरेक्टरों को मीटिंग के लिए बुलाया गया था। जब हम मीटिंग के लिए ऑफिस में इकट्ठे हुए तो, उस समय सरस डेयरी के गार्ड और कुछ कर्मचारी वहां मौजूद थे। इस दौरान सभी डायरेक्टरों ने से कहा की प्राइवेट तौर पर लगे कर्मचारियों को बाहर कर दीजिये। हमें आपसे बात करनी है। तभी सभी कर्मचारी डायरेक्टरों से लड़ने के लिए उतारू हो गए। कर्मचारी कहने हम यही बैठेंगे यह डेयरी हमारी है। हम से पूछ भी नहीं पाए की हमें किस लिए बुलाया गया है। इससे पहले कर्मचारियों ने झगड़ा शुरू कर दिया। मेरी से बात भी नहीं हुई। जब हमसे बात ही नहीं करनी थी तो, हमें मीटिंग के लिए क्यों बुलाया गया था।

एटीएम तोड़कर रुपए निकालने का आरोपी गिरफ्तार

करौली, (निसं)। थाना कोतवाली करौली पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए एक्सिस बैंक के एटीएम में तोडफोड कर एटीएम में रखे रूपये निकालने का प्रयास करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली थाना अधिकारी आध्यात्म गौतम ने बताया कि सोमवार को थाने के हैड कांस्टेबिल भीमसेन मय जाप्ता कांस्टेबिल चन्द्रदत्त,धर्मवीर मय बोलेरो सरकारी चालक के द्वारा रात्री कालीन गश्त के दौरान कंट्रोल रूम क्यूएसटी कि सूचना पर गुलाब बाग स्थित एक्सिस बैंक एटीएम में घुसकर तोडफोड कर एटीएम से रूपये निकालने का प्रयास कर रहे युवक मनोज कुमार पुत्र दिनेश तमोली 34 निवासी इन्द्रा कॉलोनी करौली को गिरफतार किया गया। उन्होने बताया कि रविवार सौमवार कि मध्य रात्रि को 1:00 बजे के करीब कंट्रोल रूम से सूचना मिली की एक व्यक्ति गुलाब स्थित एक्सिस बैंक एटीएम में घुसकर एटीएम तोडने का प्रयास कर रहा है जिस पर गुलाब स्थित एक्सिस बैंक एटीएम पर पहुँचे तो एक व्यक्ति एटीएम के अंदर घुसकर एटीएम कि शटर बंद कर एटीएम मशीन में कुल्हाडी सब्बल, पेचकश आदि

पुलिस ने एटीएम तोड़कर रुपए निकालने का आरोपी दबोचा।

उपकरणों से तोडफोड कर एटीएम मशीन में रखे रूपये निकालने का प्रयास कर रहा था। एटीएम मशीन के अंदर स्थित लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड रखा था। जिस पर एटीएम मशीन तोडकर रूपये निकालने का प्रयास कर रहे व्यक्ति मनोज कुमार को डिटेन किया गया व बैंक मैनेजर द्वारा रिपोर्ट पेश करने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी मनोज कुमार को गिरफतार किया गया। उन्होने बताया कि प्रकरण मे आरोपी मनोज कुमार से तफतीश कि गयी तो ऑनलाईन गेम खेलते हुये काफी पैसा ऑनलाईन गेम तीन पत्ती में हार जाना बताया व स्वयं के उपर कई लोगों का कर्ज होना बताया जिस पर एटीएम मशीन से एटीएम को ठाइंडर से काटकर रूपये चोरी करने आना बताया। आरोपी मनोज कुमार को गिरफतार कर न्यायालय में पेश कर 4 दिन के पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त से अन्य एटीएम मशीनों में तोडफोड कर रूपये निकालने के बारे में कडाई से पूछताछ कि जा रही है।

शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के समापन पर भंडारा

गंगापुर सिटी, (निसं)। सवाई माधोपुर रोड पर उघाडमल बालाजी के पास हिंगोटिया गांव स्थित भोमिया बाबा मंदिर में श्री श्री 1008 रघुनंदन दास जी महाराज जी के तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के समापन पर विशाल भंडारे में सैकडों लोगों ने पंगत प्रसादी पाई। यहां आचार्य पंडित मोहनलाल पाराशर ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ करवाया। हवन यज्ञ के बाद भोले नाथ के प्रसादी का भोग लगाकर पंगत प्रसादी आरंभ हुई जो कि देर शाम तक चलती रही पंगते सजती रही और प्रसादी बंटती रही।

मेला आयोजित

भरतपुर, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौटी में कैरियर मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय में जिला परिषद सदस्य कुँवर गोरधन सिंह रीठौटी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और बेस्ट कलाकृतियों के लिए छात्र एवं छात्रों को पुरस्कार दिए।

सार-समाचार

पेंशन सत्यापन के लिये शिविर आज से शुरू

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले में दिव्यांगजनों के युडीआईडी कार्ड बनवाने एवं पेंशन सत्यापन के लिये शिविरों का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में जिन विशेषयोग्यजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बने है उनका चिन्हिकरण कर स्वाबलम्बन पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करवाकर एवं चिकित्सा विभाग के पास लम्बित आवेदन पत्रों का त्वरित निस्तारण करवाकर नियमानुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किये जायेंगे। जिससे विशेषयोग्यजनोंश्को अस्पताल, जिला अस्पताल और ई-मित्रों के चक्कर नहीं लगाने पडें और समय से पात्रजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल सके। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में विभागीय दिव्यांगजन पंजीयन पोर्टल पर विभिन्न स्तरों पर लम्बित आवेदनों का सक्षम स्तर से निस्तारण करवाकर विशेषयोग्यजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं युडीआईडी कार्ड भी जारी किये जाने हैं। इसलिए 11 फरवरी से 6 मार्च तक युडीआईडी दिव्यांगजन शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक ब्लॉकवाईज किया जाएगा। जिससे विशेषयोग्यजनों को युडीआईडी कार्ड सुगमता से प्राप्त हो सके। निर्धारित शिविर कार्यक्रम के अनुसार 11 फरवरी को पंचायत समिति करौली, 13 फरवरी को पं.स. मंडरायल,18 फरवरी को पं.स. मासलपुर, 20 फरवरी को पं.स. सपोटरा, 25 फरवरी को पं.स. हिण्डौन, 27 फरवरी को पं.स. नादौती, 4 मार्च को पं.स. टोडाभीम व 6 मार्च को पं.स. श्रीमहावीरजी में शिविर आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त शिविरों से संबंधित सभी आवश्यक तैयारिया पूर्ण कर ली गई है साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि पंजीयन करवाने के लिए शिविर में आने वाले दिव्यांगों के पास लाभार्थी का नाम, पता, माता-पिता का नाम एवं जन्मतिथि सत्यापित करने हेतु आवश्यक दस्तावेज, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, जन्म प्रमाण पत्र, बिजली पानी का बिल, फोटो एवं हस्ताक्षर इत्यादि होने आवश्यक हैं। अधिक जानकारी के लिये दिव्यांग अथवा उनके परिजन जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण कार्यालय करौली अथवा संबंधित ब्लॉक के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

सामुदायिक भवन में अनियमितताएं

कामां/भरतपुर, (निसं)। कस्बा के पहाड़ी रोड स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन में भारी अनियमितताएं व लापरवाही देखने को मिल रही है। इस सम्बन्ध में कस्बा के जागरूक नागरिक कई बार नगर पालिकाध्यक्ष गीता खंडेलवाल से लिखित व मौखिक शिकायत कर चुके हैं। लोगों ने भवन निर्माण के शुभारंभपर भी शिकायत की थी। लोगों ने बताया कि इस नवनिर्मित डॉ भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन में चार दीवारी की जगह तीन दीवारी में ही निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया है। समाज के लोगों में भवन निर्माण को लेकर काफी नाराजगी। व्याप्त है, जो कभी भी फूट कर जनआंदोलन का रूप ले सकती है। नगर पालिका पार्षद अजीत जाटव ने भवन निर्माण में आई दरारें पड़ने का मुद्दा उठाया था। इंटर लॉकिंग का निर्माण कार्य भी अभी तक शुरू नहीं कराया गया है। समाज के लोगों ने बताया कि सामुदायिक अंबेडकर भवन निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। निर्माण पूर्ण होने से पहले ही लगभग-लगभग पूरी बिल्डिंग में दरारें आ चुकी हैं। लोगों ने विधायक नौक्षम चौधरी से भवन निर्माण में बरती लापरवाही की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर कस्बे के लोगों को खुशी की सौगात देने की माँग की है। लोगों ने कहा कि कमिशन खाने वाले नगर पालिका के जिम्मेदारों पर नकेल कसी जाये और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर जनता के पैसों का हिसाब दिया जाये। लोगों ने बताया कि नवनिर्मित डॉ भीमराव अम्बेडकर सामुदायिक भवन मात्र दो साल भी नहीं चलेगा, इसकी हालत जर्जर हो चुकी है। ठेकेदार व अधिकारी अपनी गलती को छुपाने के अनेक प्रयास कर चुके हैं। पेंच वर्क का कार्य बार बार कर राजमिस्त्री व बेलदार भी हार चुके हैं। चार दीवारी के स्थान पर तीन दीवार का निर्माण करा कर भुगतान भी उठा लिया गया है। इंटर लॉकिंग का कार्य आज तक अपूर्ण पड़ा हुआ है, जिसको अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। भारतीय संविधान के रचयिता के नाम पर बनने वाले अंबेडकर भवन को भी नहीं भ्रष्टाचारियों ने नहीं बख्शा है।

बसंत महोत्सव पर काव्य गोष्ठी

गंगापुर सिटी, (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की स्थानीय इकाई द्वारा नगर परिषद के नवीन वाचनालय में एक भव्य बसंत काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कवि गोपीनाथ चर्चित की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति शिवरतन गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कवि चौखे लाल द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। जिसमें उन्होंने रस, भक्ति और भाव की अभिव्यक्ति की। गोष्ठी में डॉ. गोपीनाथ चर्चित ने राजनीति पर व्यंग्यात्मक रचना प्रस्तुत की, जबकि कवि व्यग्र पाण्डे ने बसंत की छवि को अपने गीत में उकेरा। महादेव गर्ग प्रेमी ने धीमे धीमे चाले ऋतुराज री पुरवइया गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि हनुमान मुक्त ने बसंत को प्रकृति का मुस्कराना बताते हुए कोयल की मीठी तान का वर्णन किया। डॉ. मुकेश असीमित ने बसंत के बदलते स्वरूप पर अपनी कविता प्रस्तुत की, जिसमें नव कलियों के संगीत की बात की। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं की पुस्तकें वाचनालय को भेंट कीं। स्थानीय नागरिक गोविंद बरनाला ने भी वाचनालय के लिए पुस्तकें दान की। समापन पर मुख्य अतिथि शिवरतन गुप्ता ने सभी रचनाकारों को बसंत की शुभकामनाएं दीं

कुलदीप ने किया झारेडा का नाम रोशन

करौली, (निसं)। गांव झारेडा के कुलदीप मीना पुत्र रामचरण मीना का केन्द्रीय विश्वविद्यालय इलाहबाद यूनिवर्सिटी मे सहायक आचार्य अस्सिटेंट प्रोफेसर हिंदी विषय में चयन हुआ। इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी कहा जाता है। इससे परिवार में खूशी का माहौल है ।इसी परिवार के वालकृष्ण का कुछ दिन पहले सहायक आचार्य अंठोजी राजस्थान राज्य लोक सेवा आयोग से चयन हुआ।दोनों चाचा ताऊ के लडके है। इस अवसर पर रामचरण,शिवचरण सेवानिवृत्त उपनिदेशक, गिर्राज,जगदीश,धनराज,प्रकाश,राजेश,दौलत ने खुशी व्यक्त कि दोनों भाईयों के चयन पर परिवार में खुशी का माहौल है।

सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बीनू जोशी का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में खेड़ा ब्राह्मण, डीग निवासी लाडली बिटिया बीनू जोशी पुत्री स्व नरेंद्र जोशी द्वारा सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने करने एवं अपने परिवार व अपने डीग जिले का नाम रोशन करने पर, उनके निज निवास पर दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर उनके परिवारीजनों का भी दुपट्टा माला पहनाकर के स्वागत सम्मान किया गया। बीनू जोशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय, अपने परिवारीजनों के साथ-साथ अपने गुरूजनों को दिया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सेवानिवृत्त उप निदेशक शिक्षा विभाग ओमप्रकाश शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचन्द शर्मा, पार्षद समता आन्दोलन जिला डीग के अध्यक्ष राहुल लवानियां, समता आंदोलन समिति जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता इंजी. देवकीनंदन शर्मा, समाजसेवी एडवोकेट शुभनेश पाराशर, समता आन्दोलन के सक्रिय सदस्य राकेश शर्मा, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा, समाजसेवी शिवकुमार लवानियां, ठेकेदार भानू जोशू आदि मौजूद थे। बीनू जोशी के परिवारीजनों ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बीनू जोशी का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सम्मान किया।

धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

भरतपुर, (निसं)। नदबई तहसील की उप तहसील मुख्यालय लखनपुर को तहसील कार्यालय मे क्रमोन्नत व सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय की स्थापना को लेकर समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने परसों अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन को लेकर नायब तहसीलदार दीपा यादव को ज्ञापन सौंपा। महेश लखनपुर ने बताया की उप तहसील कार्यालय को तहसील कार्यालय में क्रमौन्नत नहीं होना क्षेत्र की ज्वलंत समस्या है किसानों को लगभग 20 किमी अतिरिक्त राजस्व कार्यो के लिए तहसील नदबई तक भटकना पड़ता है। जिससे किसानों का समय व आर्थिक हानि उठानी पडती है। साथ ही लखनपुर मे सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कार्यालय ना होने से क्षेत्र के लोगों को न्याय के लिए नदबई भागना पडता है एवं न्याय मे विलंब होता है। पिछली सरकार द्वारा बजट 2021-22 के संशोधित बजट में 4 मार्च 2021 को उप तहसील मुख्यालय लखनपुर मे सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सीजेजेएम की घोषणा हुयी थी। परन्तु उक्त बजट घोषणा धरातल पर ना आकर महज एक कोरी घोषणा ही रह गई। समस्या समाधान के लिए धरने प्रदर्शन का ज्ञापन नायब तहसीलदार दीपा यादव को सौंपा है।

राजेश पायलट की जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई

हिण्डौन सिटी, (निसं)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व.राजेश पायलट की जयंती सोमवार को प्रेरणा दिवस के रूप में जगदीश धाम कैमरी स्थित स्मारक पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सभी कार्यकर्ताओं ने स्व. पायलट साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने कहा कि स्व. राजेश पायलट किसानों के सच्चे हितैषी थे। किसानों के प्रति उनके समर्पण को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। उन्होंने उनके जीवन और योगदान को याद किया जाएगा तथा उनके द्वारा किये गए अद्वितीय कार्यों और संघर्षों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । सभी ने उनके संघर्षों और योगदान को याद करते हुए, उनके दृष्टिकोण और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते है । भूपेन्द्र खटाना ने बताया कि राम राम सा कहते ही दिलों दिमाग पर राजेश पायलट का चित्रण आ जाता है और उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद किया जाता है।

जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना खेड़ला ने कहा कि राजेश पायलट ने किसानों के हित में कई बडे कार्य किए थे। उन्होंने कहा कि आज राजेश पायलट होते तो किसानों और मजदूरों को ये दिन देखने नही पड़ते । इस दौरान जगदीश धाम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम खटाना, पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, मुरारीलाल खटाना, कैप्टेन शीशराम सेना मेडल, कैप्टेन जगराम खटाना, सुठीव खटाना, कैप्टेन नरपत खटाना, हंसराज सरपंच, सियाराम वकील, संतराम सरपंच, गोविन्द शर्मा, सुरेश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि कप्तान एडवोकेट, पूर्व सरपंच संतराम सिंह, भूपेन्द्र खटाना अधैत सहित गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

राजेश पायलट स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।